THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI P. V. RANGAYYA NAIDU): (a) No, Sir. Both Chanatvnrmri and col Market (New Delhi Head Post Office) post offices are receiving mails twice a day.

(b) In view of (a) above, does not arise.

गांवों में टेलीफोन सेवायें पहुंचाने के लिए निर्धारित किया गया लक्ष्य

1455. **श्रीमती सुषमा स्वराज :** क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने सन् 2000 तक देश के प्रत्येक गांव में टेलीफोन सेवा उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया है ;

(ख) यदि हां, तो इस कार्यक्रम पर कितना खर्च होने का अनुमान है ;

(ग) इस वर्ष के दौरान कितने गांवों को टेलीफोन सुविधायें उपलब्ध करा दिये जाने की संभावना है ; और

(घ) गांवों के चयन का क्या मापदंड है ?

संचार मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पी०वी० रंगैया नायडू) : (क) जी, हां ।

(ख) 8वीं योजना (1990-95) और 9वीं योजना (1995-2000) अवधियों के दौरान निवेश का प्रारंभिक अनुमान, 1990 के मूल्यों पर, 6000 करोड़ रुपये होने की संभावना है ।

(ग) 12,000 पंचायत ग्राम ।

(घ) 8वीं योजना अवधि के दौरान पंचायत वाले ग्रामों को, और शेष ग्रामों को 9वीं योजना अवधि के दौरान यह सुविधा प्रदान करने का प्रस्ताव है ।

आतंकवाद के शिकार परिवारों को राहत प्रदान किया जाना

1456. **श्रीमती सुषमा स्वराज :** क्या **गृह** मंत्री 17 जुलाई, 1991 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न संख्या 293 के दिये गये उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि देश में आतंकवादियों द्वारा मारे गये निर्दोष व्यक्तियों के परिवारों को राहत उपलब्ध कराने के बारे में सरकार की नीति क्या है ?

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री श्री एम०एम० जैकब) : लोक व्यवस्था" राज्य का विषय होने के कारण, कानून और व्यवस्था की स्थिति सुधारने के लिये विभिन्न तरीके निकालना और ठोस उपाय करना और कानून और व्यवस्था की स्थिति से प्रभावित व्यक्तियों को, जब कभी आवश्यक हो, राहत देने और अन्य पुनर्वास उपाय करने का कार्य संबंधित राज्य सरकारों का है ।

हरियाणा में टेलीफोन एक्सचेंजों को इलैक्ट्रानिक एक्सचेंजों में बदलना

1457. **श्रीमती सुषमा स्वराज :** क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या हरियाणा के सभी टेलीफोन एक्सचेंजो को इलैक्ट्रानिक एक्सचेंज में बदल दिया गया है ;

(ख) यदि नहीं, तो कितने टेलीफोन एक्सेचेंजो को अभी बदला जाना बाकी है ;

(ग) शेष टेलीफोन एक्सचेंजो को कब तक इलैक्ट्रानिक एक्सचेंजो में बदल दिये जाने की संभावना है ; और